**COVID-19 का प्रकोप**

## New Jersey Economic Development Authority (NJEDA)

**लघु व्यवसाय आपातकालीन सहायता अनुदान कार्यक्रम (Small Business Emergency Assistance Grant Program) – चरण 3**

***फंडिंग की उपलब्धता संबंधी सूचना:*** ***रेस्तरां के लिए आवेदन पत्र 29 अक्टूबर, 2020 को सुबह 9:00 बजे खुलेंगे। छोटे व्यवसायों के लिए आवेदन पत्र 30 अक्टूबर 2020 , शुक्रवार को सुबह 9:00 बजे खुलेंगे। अन्य सभी पात्र व्यवसायों के लिए 2 नवंबर 2020, सोमवार को सुबह 9:00 बजे आवेदन पत्र खुलेंगे।***

***आवेदकों को 27 अक्टूबर, 2020, मंगलवार को शाम 5 बजे से पहले पूर्व-पंजीकरण करना होगा।***

*संक्षिप्त विवरण*

9 मार्च, 2020 को गवर्नर Phil Murphy ने New Jersey में COVID-19 के प्रसार को रोकने के प्रयासों को बढ़ाने के लिए एक आपातकालीन स्थिति और सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा करते हुए, कार्यकारी आदेश 103 जारी किया। सार्वजनिक समारोहों पर प्रतिबंध लगाने और गैर-आवश्यक व्यवसायों को बंद करने के आदेश सहित, आगामी रोकथाम के उपायों को लागू किया गया था। हालांकि ये उपाय राष्ट्रीय स्तर पर किए जाने वाले समान उपायों के अनुरूप हैं, जिन से जनता के COVID-19 से संपर्क को सीमित करने की उम्मीद की जाती है, उनका हमारे राज्य की अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रतिकूल प्रभाव पड़ता रहा है और रहेगा।

26 मार्च, 2020 को, New Jersey Economic Development Authority (NJEDA) ने लघु व्यवसाय आपातकालीन सहायता अनुदान कार्यक्रम (Small Business Emergency Assistance Grant Program) को बनाने की मंजूरी दी – जो कुछ छोटे और मध्यम आकार के उद्यमों, अर्थात, व्यवसायों और गैर-लाभकारी (small and medium sized enterprises, SME) को संभव कुशलतापूर्वक और जल्दी से जल्दी फंडिंग देने के लिए एक आपातकालीन अनुदान फंडिंग कार्यक्रम है, जिसे 9 मार्च, 2020 की एक आपातकालीन स्थिति और सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा के बाद के प्रतिकूल आर्थिक प्रभावों के परिणामस्वरूप पेरोल और कार्यशील पूंजी समर्थन की आवश्यकता थी।

अनुदान कार्यक्रमों के शुरुआती चरण ने लक्षित उद्योगों में सबसे छोटे उद्यमों पर ध्यान केंद्रित किया जिन पर रोकथाम उपायों के कारण सबसे अधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था। NJEDA ने वास्तव लघु व्यवसाय आपातकालीन सहायता अनुदान कार्यक्रम (Small Business Emergency Assistance Grant Program) को फंड करने के लिए, अपने अप्रतिबंधित धन से $5 मिलियन, साथ ही Atlantic काउंटी में प्रभावित संस्थाओं के समर्थन में कैसीनो पुनर्वित्त विकास प्राधिकरण Casino Reinvestment Development Authority (CRDA) द्वारा दी गई फंडिंग के $2 मिलियन का उपयोग किया। अनुदान कार्यक्रम के दूसरे चरण में फेडरलकोरोनावायरस सहायता, राहत, और आर्थिक सुरक्षा Federal Coronavirus Aid, Relief, and Economic Security (CARES) Act अधिनियम के तहत स्थापित किए अनुसार, बड़ी संख्या में SMEs की सहायता करने के लिए कम प्रतिबंधात्मक

पात्रता आवश्यकताओं के साथ कोरोनावायरस राहत कोष (Coronavirus Relief Fund) से फंडिंग में $45 मिलियन का उपयोग किया गया।

कोरोनावायरस राहत कोष (Coronavirus Relief Fund) से अतिरिक्त फंडिंग में $70 मिलियन का उपयोग करते हुए, NJEDA अब लघु व्यवसाय आपातकालीन सहायता अनुदान कार्यक्रम (Small Business Emergency Assistance Grant Program) के तीसरे चरण को लागू कर रही है, जिसमें रेस्तरां और सूक्ष्म-व्यवसायों के लिए कम प्रतिबंधात्मक पात्रता आवश्यकताओं और फंडिंग के नए समर्पित पूल्स दोनों शामिल हैं।

*उद्देश्य*

लघु व्यवसाय आपातकालीन सहायता अनुदान कार्यक्रम (Small Business Emergency Assistance Program) – चरण 3 का उद्देश्य New Jersey के अतिरिक्त SMEs को अल्पकालिक, तत्काल पेरोल और कार्यशील पूंजी समर्थन प्रदान करना है, जिन पर आपातकाल स्थिति की घोषित के दौरान नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इस प्रकार से उनके कार्यों को मज़बूत बनाने और कोई भी संभावित फर्लो और/या लेऑफ को कम करने में मदद मिल रही है।

कार्यक्रम के प्रारंभिक चरण के तहत, पात्रता उन व्यवसायों तक सीमित थी जिनके पास 10 पूर्णकालिक समकक्ष (Full-time Equivalent, FTE) थे। चरण 2 में, कर्मचारी की पात्रता कैप को 25 से पूर्णकालिक समकक्ष (FTE) तक बढ़ा दिया गया था। चरण 3 में, कर्मचारी की पात्रता कैप को आगे फिर 50 पूर्णकालिक समकक्ष (FTE) तक बढ़ा दिया गया है।

कार्यक्रम का शुरुआती चरण ने उत्तरी अमेरिकी उद्योग वर्गीकरण North American Industry Classification (NAICS) कोड के द्वारा निर्धारित किए अनुसार उद्योगों के बहुत ही सीमित सेट के तहत काम कर रही संस्थाओं की पात्रता को प्रतिबंधित किया। चरण 2, चरण 3 के अनुसार, कार्यक्रम NAICS कोड द्वारा प्रतिबंधित नहीं होगा, जिस में नीचे उल्लिखित कुछ निषिद्ध व्यवसायों का अपवाद शामिल हैं, और फंडिंग भी घर पर आधारित व्यवसायों और राज्य के भीतर पंजीकृत एकमात्र मालिकों के लिए उपलब्ध होगा, जोकि दोनों कार्यक्रम के शुरुआती चरण के तहत अयोग्य थे। इसके अलावा, उन संगठनों को छोड़कर जिनकी प्राथमिक गतिविधि राजनीतिक पैरवी है, सभी 501(c) गैर-लाभकारी संस्थाएं पात्र होंगी।

*योग्य उपयोग*

लघु व्यवसाय आपातकालीन सहायता अनुदान कार्यक्रम (Small Business Emergency Assistance Grant Program) – चरण 3 के तहत, COVID-19 के कारण हुई व्यावसायिक रुकावट के परिणामस्वरूप नुकसान हुए आय की प्रतिपूर्ति के लिए फंडिंग का उपयोग किया जा सकेगा और इसका उपयोग निर्माण सहित, पूंजीगत व्ययों के लिए नहीं किया जा सकेगा।

*अनुदान की राशियां*

लघु व्यवसाय आपातकालीन सहायता अनुदान कार्यक्रम (Small Business Emergency Assistance Grant Program) के चरण 1 और चरण 2 में अनुदान निर्णय की गणना के लिए समान पद्धति का उपयोग किया गया, जिस में New Jersey Department of Labor and Workforce Development के पास दायर की गई सबसे हालिया WR-30 में सूचित किए अनुसार, प्रति पूर्णकालिक समकक्ष (FTE) $1,000 उपलब्ध है। चरण 3 में, प्रति पूर्णकालिक समकक्ष (FTE) के आधार पर अनुदान निर्णयों की गणना करने के बजाय, अनुदान की राशि नीचे दिए गए चार्ट के अनुसार, प्रति पूर्णकालिक समकक्ष (FTE) बैंड्स और उद्योग के आधार पर निर्धारित की जाएगी। इसके अलावा, अनुदान की राशि को निर्धारित करने के लिए WR-30 का उपयोग करने के बजाय, संभावित राशि को बढ़ाने वाले, किसी आवेदक की WR-30 फाइलिंग की पिछली छह तिमाहियों से चोटी की पूर्णकालिक समकक्ष (FTE) संख्या का उपयोग किया जाएगा। कोई कंपनी, जो एकमात्र स्वामित्व है या छह तिमाहियों में से प्रत्येक के लिए कोई पूर्णकालिक समकक्ष (FTE) नहीं है, नीचे दी गई तालिका के अनुसार न्यूनतम अनुदान राशि प्राप्त करेगी।

अनुदान की राशि की गणना करने के उद्देश्य से, कोई भी अस्पष्ट पूर्णकालिक समकक्ष (FTE) गणना को नज़दीकी पूर्णकालिक समकक्ष (FTE) में पूर्ण किया जाएगा। उदाहरण के लिए, 2.49 पूर्णकालिक समकक्ष (FTE) को कार्यक्रम के लिए 2 पूर्णकालिक समकक्ष (FTE) के रूप में गिना जाएगा, जबकि 2.50 पूर्णकालिक समकक्ष (FTE) को 3 पूर्णकालिक समकक्ष (FTE) के रूप में गिना जाएगा। हालांकि WR-30 फाइलिंग में बताए अनुसार पूर्णकालिक समकक्ष (FTE) की गणना काम किए गए सप्ताहों और तनख्वाहों पर आधारित है। किसी भी स्थिति में कंपनी को पूर्णकालिक समकक्ष (FTE) की संख्या के आधार पर अनुदान फंडिंग प्राप्त नहीं होगी जो फाइलिंग अवधि में कंपनी द्वारा नियोजित कर्मचारियों की संख्या से अधिक हो, सिवाय इसके कि यदि किसी एकमात्र मालिक या अन्य आवेदक संस्था के पास कोई पूर्णकालिक समकक्ष (FTE) नहीं हैं, तो वह न्यूनतम अनुदान राशि के लिए पात्र हो सकती है। एकमात्र स्वामित्व वाली संस्थाओं के लिए, NJEDA कर फाइलिंग स्थिति की पहचान करने के Department of Treasury में Division of Taxation के साथ काम करेगी।

## 722 से शुरू होने वाले NAICS वाले "फूड सर्विसेज और ड्रिंकिंग प्लेसेस" व्यवसायों के लिए अनुदान की राशियां

| पूर्णकालिक समकक्ष (FTE) बैंड | अनुदान की राशि |
|---|---|
| 5 पूर्णकालिक समकक्ष या उससे कम, जिसमें बिना कोई पूर्णकालिक समकक्ष वाले व्यवसाय शामिल हैं | $10,000 |
| 6-25 पूर्णकालिक समकक्ष | $15,000 |
| 26-50 पूर्णकालिक समकक्ष | $20,000 |

## सूक्ष्म व्यवसायों के लिए अनुदान राशियां

| पूर्णकालिक समकक्ष (FTE) बैंड | अनुदान की राशि |
|---|---|

| | |
|---|---|
| 5 पूर्णकालिक समकक्ष या उससे कम, जिसमें बिना कोई पूर्णकालिक समकक्ष वाले व्यवसाय शामिल हैं | $5,000 |

**अन्य छोटे व्यवसायों के लिए अनुदान राशियां**

| **पूर्णकालिक समकक्ष बैंड** | **अनुदान की राशि** |
|---|---|
| 6-25 पूर्णकालिक समकक्ष | $10,000 |
| 26-50 पूर्णकालिक समकक्ष | $15,000 |

*पात्र आवेदक*

जिन व्यवसायों को लघु व्यवसाय आपातकालीन सहायता अनुदान कार्यक्रम (Small Business Emergency Assistance Grant Program) के चरण 1 या चरण 2 के तहत अनुदान फंडिंग के लिए प्रमाणित किया गया था, वे चरण 3 की फंडिंग के लिए पात्र होंगे। चरण 1 या 2 में प्राप्त की गई फंडिंग उन अनुदान राशियों को प्रभावित नहीं करेगी जिन्हें चरण 3 में प्राप्त करने के लिए ये व्यवसाय पात्र हैं (उस सीमा को छोड़कर जिस से पिछले अनुदानों ने व्यवसाय की अपुरी आवश्यकता को कम किया)।

योग्य SMEs के पास New Jersey राज्य में भौतिक व्यावसायिक स्थान होना चाहिए (जैसे कि, एक कार्यालय, बिक्री का एक भौतिक केंद्र, एक गोदाम, विनिर्माण सुविधा, आदि) और घर पर आधारित व्यवसाय New Jersey में स्थित होने चाहिए। आंतरिक राजस्व संहिता (Internal Revenue Code) खंड 501 (c) के तहत व्यवस्थित सभी गैर-लाभकारी संस्थाएं पात्र होंगी, उन संगठनों को छोड़कर जिनकी प्राथमिक गतिविधि राजनीतिक पैरवी है।

वर्जित व्यवसायों में शामिल हैं, लेकिन इन तक सीमित नहीं हैं: जुआ या गेमिंग गतिविधियां; "वयस्क" (उदाहरण के लिए, अश्लील, भद्दा, कामुक, या अन्यथा समान रूप से विवादित) गतिविधियों, सेवाओं, उत्पादों या सामग्रियों (नग्न या अर्ध-नग्न प्रदर्शनों या यौन सहायकों या उपकरणों की बिक्री सहित) का संचालन या प्रबंध करना; कोई भी नीलामी या दिवालियापन या आग या "खोया-हमारा-पट्टा" या "व्यापार से बाहर जाना" या समान बिक्रीयां; अस्थायी व्यापारियों द्वारा बिक्री, क्रिसमास ट्री की बिक्री या अन्य बाहरी भंडारण; और, उपद्रव करती कोई भी गतिविधि; या कोई अवैध उद्देश्य।

प्रत्येक पात्र SME के CEO/समकक्ष अधिकारी को यह स्वै-प्रमाणित करना होगा कि कंपनी:

- 15 फरवरी, 2020 को संचालन में थी (लघु व्यवसाय प्रशासन द्वारा लागू संघीय पेचेक सुरक्षा कार्यक्रम (Paycheck Protection Program) के अनुरूप);
- 9 मार्च, 2020 को घोषित आपातकालीन हालात की समाप्ति के बाद छह महीनों में आवेदन के समय से किसी भी व्यक्ति को अवकाश न देने या न निकालने का सर्वोत्तम प्रयास करेगी (आवेदन के समय से पहले ही श्रमिकों को अवकाश दे चुके या हटा चुके SMEs को जितनी जल्दी हो सके उन श्रमिकों को फिर से काम पर

रखने का सर्वोत्तम प्रयास करना चाहिए) - इसके सर्वोत्तम प्रयासों के प्रमाणीकरण की किसी भी सामग्री उल्लंघना के परिणामस्वरूप NJEDA अनुदान की वापिस अदायगी की मांग कर सकता है;

- 9 मार्च, 2020 को COVID-19 घोषित आपातकालीन हालात के कारण नकारात्मक रूप से प्रभावित हुई है (उदाहरण के लिए, फर्म अस्थायी रूप से बंद कर दी गई है, समय को आवश्यक रूप से कम कर दिया गया है, आय में कम से कम 20 प्रतिशत की गिरावट आई है, प्रकोप के कारण काम न कर सकने वाले कर्मचारियों द्वारा भौतिक रूप से प्रभावित हुई है, या एक सप्लाई चेन है जो भौतिक रूप से बाधित हो गई है और इसलिए कंपनी-स्तरीय उत्पादन धीमा हो गया है); और

- इस समय भौतिक वित्तीय आवश्यकता है जिसे इस समय आपातकालीन राहत फंड्स के अनुदान के बिना दूर नहीं किया जा सकता है (जैसे कि, महत्वपूर्ण नकदी भंडार नहीं है जो इस आर्थिक व्यवधान की अवधि के दौरान SME को सहायता दे सके)।

इसके अलावा, एक पात्र SME को आवेदन के समय यह सबूत दिखाना होगा, कि SME New Jersey राज्य में व्यापार करने के लिए पंजीकृत है, New Jersey Department of Labor and Workforce Development के साथ अच्छी स्थिति में है, और यह सुनिश्चित करने के Department of Treasury में Division of Taxation की आवश्यकता को पूरा करता है कि आवेदक पर राज्य को देय कोई कर ऋण नहीं है। यदि प्रमाणन सही नहीं है, तो आवेदक के द्वारा वापसी अदायगी के तहत प्रमाणन के रूप में सबूत पेश किया जा सकता है।

प्रत्येक पात्र SME प्रति नियोक्ता पहचान संख्या के लिए एक आवेदन दर्ज कर सकता है, यानी, कई नियोक्ता पहचान संख्याओं (EINs) वाले SMEs प्रति EIN एक आवेदन दर्ज कर सकते हैं; और, कई स्थानों लेकिन केवल एक EIN वाले व्यवसाय एक आवेदन (एकमात्र EIN के तहत) तक सीमित होंगे।

अंततः, अतिरिक्त पात्रता आवश्यकताएं लागू हो सकती हैं, जो कि फेडरल कोरोनावायरस सहायता, राहत, और आर्थिक सुरक्षा Federal Coronavirus Aid, Relief, and Economic Security (CARES) Act एक्ट से संबंधित कोई भी लागू संघीय आवश्यकताओं पर आधारित होगी, और इसमें शामिल हो सकती है, लेकिन इन तक सीमित नहीं होंगी। लाभों के दोहराव पर प्रतिबंध जो उन संभावित आवेदकों को बाहर कर सकता है जिन्हें पहले से ही संघीय सहायता मिल चुकी है, साथ ही यह आवश्यकता कि आवेदक आगे प्रदर्शित करता है कि उस पर COVID-19 का नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

*फंडिंग संवितरण*

फंडिंग अनुदान आवेदन के अनुमोदन पर जितनी जल्दी संभव हो सके पूरी तरह से वितरित की जानी चाहिए।

कोरोनावायरस राहत कोष (Coronavirus Relief Fund) की फंडिंग में उपलब्ध $70 मिलियन में से, फंड निम्नलिखित तरीके में व्यवसायों की विशेष किस्मों के लिए आरक्षित होंगे:

- **रेस्तरां:** स्थान पर भोजन और सुरक्षित संचालन के लिए अपने व्यापार मॉडलों को अनुकूलित करने के लिए उनके द्वारा किए गए असामान्य खर्च पर कैप सहित, COVID-19 के कारण इन व्यवसायों को हुए असंगत प्रभाव को देखते हुए**,** फंडिंग का $35 मिलियन 722 से शुरू होने वाले NAICS कोड्स वाले "फूड सर्विसेज और ड्रिंकिंग प्लेसेस" के रूप में वर्गीकृत व्यवसायों को सहायता देने के लिए आरक्षित होगा (इस दस्तावेज़ में "रेस्तरां" के रूप में वर्णित किया गया)। इस श्रेणी के भीतर फंडिंग का 33 प्रतिशत उन संस्थाओं को सहायता देने के लिए निर्देशित किया जाएगा, जिनके पास किसी जनगणना क्षेत्र में स्थित एक व्यावसायिक व्यवसाय का पता (पूरी तरह या आंशिक रूप से) है जो New Jersey के अवसर क्षेत्र (यानी, एक नया बाजार कर क्रेडिट जनगणना क्षेत्र) के रूप में चयनित होने के योग्य था।
- **सूक्ष्म-व्यवसाय:** COVID-19 के कारण सूक्ष्म-व्यवसायों द्वारा सहन किए गए अद्वितीय वित्तीय जोखिम को देखते हुए, जिस ने विशिष्ट रूप से वित्तीय भंडारों को कम किया, उन व्यवसायों को सहायता देने के लिए फंडिंग का $15 मिलियन आरक्षित किया जाएगा, जिनकी WR-30 फाइलिंग (बिना किसी पूर्णकालिक समकक्ष (FTE) वाले व्यवसायों सहित) की पिछली छह तिमाहियों में अपनी चोटी की पूर्णकालिक समकक्ष (FTE) संख्या में 5 या उससे कम पूर्णकालिक समकक्ष (FTE) हैं। इस श्रेणी के भीतर फंडिंग का 33 प्रतिशत उन संस्थाओं को सहायता देने के लिए निर्देशित किया जाएगा, जिनके पास किसी जनगणना क्षेत्र में स्थित (पूरी तरह या आंशिक रूप से) एक व्यावसायिक व्यवसाय का पता (या घर-आधारित व्यवसायों के लिए घर का पता) है जो New Jersey के अवसर क्षेत्र (यानी, एक नया बाजार कर क्रेडिट जनगणना क्षेत्र) के रूप में चयनित होने के योग्य था।
- ***अन्य* छोटे व्यवसाय**: फंडिंग का बाकी $20 मिलियन 6 से 50 कर्मचारियों वाले व्यवसायों को सहायता देने के लिए आरक्षित होगा। इस श्रेणी के भीतर फंडिंग का 33 प्रतिशत उन संस्थाओं को सहायता देने के लिए निर्देशित किया जाएगा, जिनके पास किसी जनगणना क्षेत्र में स्थित (पूरी तरह या आंशिक रूप से) एक व्यावसायिक व्यवसाय का पता (या घर-आधारित व्यवसायों के लिए घर का पता) है जो New Jersey के अवसर क्षेत्र (यानी, एक नया बाजार कर क्रेडिट जनगणना क्षेत्र) के रूप में चयनित होने के योग्य था।

*आवेदन प्रक्रिया*

इस उम्मीद में कि अनुदान कार्यक्रम अत्यधिदत्त होगा, **10-दिन की पूर्व-पंजीकरण अवधि** व्यावसायिक जानकारी दर्ज करने और एक बार लाइव होने के बाद आवेदन प्राप्त करने के लिए साइन अप करने के लिए इच्छुक आवेदकों को अवसर देगी। **सभी आवेदकों को इस पूर्व-पंजीकरण में भाग लेना चाहिए।** पूर्व-पंजीकृत आवेदक ऑनलाइन आवेदन के लिए एक लिंक और आवेदन के लाइव होने के समय वाली ईमेल द्वारा जानकारी प्राप्त करेंगे। **पूर्व-पंजीकरण मंगलवार, 27 अक्टूबर, 2020 को शाम 5 बजे से पहले पूरा किया जाना चाहिए।**

रेस्तरां के लिए आवेदन प्रक्रिया गुरुवार 29 अक्टूबर, 2020 को सुबह 9:00 बजे शुरू होगी और गुरुवार 5 नवंबर, 2020 को शाम 5 बजे बंद हो जाएगी। छोटे व्यवसायों के लिए आवेदन प्रक्रिया 30 अक्टूबर, 2020 शुक्रवार सुबह 9:00 बजे शुरू होगी और शुक्रवार 6 नवंबर, 2020 को शाम 5 बजे बंद हो जाएगी। अन्य सभी पात्र व्यवसायों के लिए आवेदन प्रक्रिया सोमवार, 2 नवंबर, 2020 को सुबह 9:00 बजे शुरू होगी और सोमवार,

9 नवंबर, 2020 को शाम 5 बजे बंद होगी। NJEDA प्राधिकरण को पूर्ण आवेदन दर्ज किए जाने की तारीख और समय के आधार पर, पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर आवेदनों की समीक्षा करेगी।
यदि ऐसा प्रतीत होता है कि उपलब्ध धनराशि का उपयोग 9 नवंबर, 2020 तक प्राप्त योग्य अनुप्रयोगों द्वारा पूरी तरह से नहीं किया गया, तो NJEDA 10 नवंबर, 2020 को पूर्व-पंजीकरण फिर से शुरू सकता है और 17 नवंबर, 2020 को आवेदन प्रक्रिया को फिर से शुरू सकता है।

*शुल्क*

वित्तीय समस्याओं के कारण, प्राधिकरण के द्वारा इस कार्यक्रम के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

*अतिरिक्त जानकारी*

लघु व्यवसाय आपातकालीन सहायता अनुदान कार्यक्रम (Small Business Emergency Assistance Grant Program) – चरण 3 के बारे में अतिरिक्त जानकारी http://cv.business.nj.govपर देखी जा सकती है।